C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 85 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 18 सितम्बर 2025

सफेद ड्रेस में आलिया ने शेयर की...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## हल्द्वानी में रामलीला मैदान में दिन लीला का मंचन आज से

**हल्द्वानी।** श्री रामलीला संचालन समिति 2025 के तत्वाधान में दिन की लीला का शुभारंभ आज 18 तारीख को नगर के गणमान्य एवं धर्म प्रेमी जनता के मध्य गणेश पूजन के साथ रामलीला मैदान में किया जाएगा। साथ ही अगले दिन रावण जन्म तथा नारद मोह की लीला का मंचन किया जाएगा। व्यास पंडित गोपाल दत्त शास्त्री ने बताया कि दिन की लीला का मंचन दिनांक 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम को 5:00 बजे से होगा तथा 5 अक्टूबर को नगर में भव्य श्री रामजी की शोभा यात्रा का आयोजन रामलीला संचालन समिति के तत्वाधान में किया जाएगा, शोभायात्रा को पूरे नगर में भ्रमण कराया जाएगा।

## रुद्रपुर पुलिस गोवा से लेकर पहुंची एनआई एक्ट के वारंटी को

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस फौजदारी वाद संख्या 1679/2016 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट में नामजद अभियुक्त निवासी एकनाथ तारी पुत्र अशोक तारी,सोल प्रोप्राइटर, धनलक्ष्मी इंटरप्राइजेज,एफएफ-2 प्रथम तल, वासुदेव रेजिडेंसी,निकट कमत नर्सिंग होम, पोंडा, गोवा को गिरफ्तार कर रुद्रपुर पहुंच गई। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक उसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि अभियुक्त वारंट जारी होने के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। वह न्यायालय के आदेश की अवमानना कर रहा था।उन्होंने बताया कि वारंटी एकनाथ शान्तिनगर, गोवा से विधिवत् वारंट तामील कर गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार, महेंद्र कुमार,एसओजी भूपेंद्र, वीरेंद्र आदि शामिल रहे।

# स्वच्छोत्सव थीम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे उत्तराखंड तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, निदेशालय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक निदेशालय देहरादून के निर्देशन में स्वच्छोत्सव थीम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रो0 शर्मा ने छात्राओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि जीवन शैली का



हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम अपने घर, संस्थान और परिवेश को साफ-सुथरा रखने की व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाएंगे।

इसके पश्चात नोडल अधिकारी नमामि गंगे एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. रितुराज पंत ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पखवाड़ा समाज को स्वच्छता के महत्व से जोड़ने का एक व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

डॉ. गीता पंत, सदस्य नमामि गंगे एवं कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, ने पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं और आई0ई0सी0 गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्राओं की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सदस्य डॉ. रेखा जोशी के निर्देशन में एक स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस रैली में छात्राओं ने बैनर और स्लोगन के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया।

रैली के उद्देश्य पर बोलते हुए डॉ. जोशी ने कहा कि रैली का मकसद केवल सफाई करना नहीं, बल्कि समाज की सोच को बदलना है। जब तक हर नागरिक अपने स्तर पर जिम्मेदारी नहीं निभाता, तब तक यह अभियान अधूरा रहेगा। इस अवसर पर छात्राओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे अपने घर, गली, मोहल्ले और संस्थान को स्वच्छ रखेंगे और अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

### दो महिलाओं और एक बच्चे को मलबे से निकाला

# चमोली के नंदानगर में फिर बादल फटा, 12 लोग लापता

चमोली/देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में बारिश अपना कहर बरपा रही है। अब चमोली ज़िले के नंदानगर विकासखंड में बुधवार रात बादल फटने से भारी तबाही मच गई। देर रात बादल फटने से यहां भारी नुकसान हुआ है। कुछ लोग लापता है।

चमोली ज़िले की घाट तहसील के नंदानगर क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण भारी तबाही हुई है। आपदा में अब तक 12 लोगों के लापता होने की सूचना है। इसमें सबसे अधिक प्रभावित ग्राम कुंतरी लगा फाली है, जहां 8 लोग लापता हैं और 15 से 20 भवन व गौशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। रात तीन बजे के करीब भारी बारिश के बीच लोगों के घरों पर मलबा आ गिरा। दो महिलाओं और एक बच्चे को पुलिस व डीडीआरएफ की टीमों ने मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला।

क्षेत्र के दो गांवों कुंतरी लगा फाली और धुरमा से कुल 10 लोगों के लापता है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। चमोली ज़िले के नंदानगर विकासखंड में बुधवार रात बादल फटने से भारी



तबाही मच गई। रात करीब एक बजे फाली लगा कुंतरी, सैंती लगा कुंतरी, धुर्मा और सेरा गांवों में भारी बारिश और बिजली गिरने के बाद मकान मलबे में दब गए।

सैंती कुंतरी में दो लोग मलबे में दबे हैं, जबकि फाली लगा कुंतरी से पांच लोग लापता हैं। धुर्मा गांव से भी एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना है। बारिश इतनी तेज़ थी कि लोग रात में अपने घरों से बाहर निकल भागे। प्रभावित क्षेत्रों में कई गौशालाएं और मवेशी भी बह गए हैं। मोक्ष गाड़ गदेरा उफान पर आ गया, जिससे सेरा गांव में कई मकान बह गए और नंदप्रयागङ्क्नंदानगर मोटर पुल भी खतरे की जद में आ गया। पेट्रोल पंप और पुराना बाजार से जोड़ने वाला पुल भी बह गया है।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं। मेडिकल टीमें और एंबुलेंस भी रवाना कर दी गई हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट करते हुए लिखा, जनपद चमोली के नंदानगर घाट क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि से आस पास के घरों को क्षति पहुंचने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है।

# युवती ने युवक को शादी का झांसा देकर ट्रेडिंग में पैसा लगवाकर 14 लाख ठगे

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। लगातार हो रहे मामलों से भी सबक न लेकर लोग थोड़े से लालच के चक्कर में साइबर स्त्र5इम का शिकार हो रहे हैं। अभी कुछ रोज पहले ही डहरिया निवासी युवक को युवती द्वारा शादी का झांसा देकर ट्रेडिंग में पैसा लगवाकर 14 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया था, अब ताजा मामला मुखानी क्षेत्र का है।

गैस गोदाम रोड सूर्य विहार मुखानी निवासी महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र स्व.डीएस जलाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि कुछ समय पहले फेसबुक पर उनकी दोस्ती एक महिला से हुई। धीरे ङ्क धीरे मैसेज के जरिए बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। दोस्ती बढ़ने पर महिला ने महेंद्र को ट्रेडिंग में पैसा लगाने के लिए कहा। महेंद्र के मना करने पर युवती ने अपनी गरीबी का हवाला देकर कहा कि उनके ट्रेनिंग करने से कुछ मुनाफा उसे भी मिलेगा। युवती के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए महेंद्र ट्रेडिंग के लिए तैयार हो गए। कुछ समय बाद महेंद्र के पास एक व्हाट्सएप कॉल आई कॉलर ने महेंद्र के नंबर को एक




व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया।

शुरुआत में पैसा लगाने पर महेंद्र को अच्छा मुनाफा हुआ, जिससे उनका भी लालच बढ़ गया। बाद में उनके नंबर को दूसरे व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। जिसमें उन्हें मोटी रकम लगाने को कहा गया। इस बार महेंद्र ने 5:30 लाख रुपए ट्रेनिंग में लगाए तो उन्हें मुनाफा 7 लाख दिखने लगा। इसके बाद उन्होंने लगभग 5:30 लाख रुपए फिर से लगाए और अपनी रकम मांगी तब उनसे रकम के एवज में कुल लगाए गए पैसों का 30% मांगा गया और ट्रेंडिंग जारी रखने के लिए कहा गया। तब जाकर उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ लेकिन तब तक महेंद्र लगभग 19 लख रुपए की रकम लगा चुके थे। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोदी के जन्मदिन सेवा पखवाड़े अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के शुभ अवसर से आरंभ सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष कार्तिक हर्बोला के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान लोकप्रिय सांसद नैनीताल उधम सिंह नगर अजय भट्ट ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन करना एक सराहनीय पहल है क्योंकि ब्लड बैंको में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन करना काबिले तारीफ है युवा मोर्चा द्वारा इस तरह से रक्तदान शिविर का आयोजन करना हम सभी के लिए प्रेरणादायक है और भविष्य में इस तरह के आयोजन का होना वरदान से कम नहीं। जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट ने युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर को एक शानदार पहल बताया आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है देश के सभी जगह उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी तरह से नैनीताल जनपद के हल्द्वानी में रक्तदान शिविर का आयोजन करना सकारात्मक पहल है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कार्तिक हरबोला ने बताया कि युवा लोगों ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने कहा कि युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। रक्तदान शिविर में लगभग 42 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

# नैनीताल में ब्लॉक स्तरीय ताइकवाडों क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को बलाक स्तरीय विद्यालयी ताइकवाडों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गो में भीमताल बलाक के 23 खिलाडियों का चयन जिला स्तरीय ताइकवाड़ों प्रतियोगिता के लिए किया गया।

प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में अटल आयुष राजकीय बालिका इंटर कालेज नैनीताल की अमिता,काव्यांजलि,सुमित्रा,मीनाक्षी भारती व अंबिका जबकि जूनियर वर्ग में अटल आयुष राजकीय बालिका इंटर कालेज नैनीताल की दीपा,मनीषा आर्या व याचना,भारतीय शहीद सैनिक



स्कूल नैनीताल की रिया व तानिया, अटल आयुष राजकीय बालिका इंटर कालेज नैनीताल की श्रेया रौतेला व कामाक्षी रावत, मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज की वंशिका व प्रियंका आर्या, विशप शा इंटर कालेज नैनीताल कीपि् श्रेया रौतेला व कामाक्षी रावत, मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज की वंशिका व प्रियंका आर्या, विशप शा इंटर कालेज नैनीताल की प्रियांशी टमटा का चयन किया गया।

प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में भारतीय शहीद सैनिक स्कूल नैनीताल की नैना आर्या,सब जूनियर वर्ग में भी सैनिक स्कूल के प्रकाश,मंजीत व प्रियांश, जूनियर वर्ग में सैनिक स्कूल के सौरभ आर्या व सागर सिंह अधिकारी,सीआरएसटी इंटर कालेज के अफान तथा बिशप शा इंटर कालेज नैनीताल के लक्ष्य अधिकारी का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। निर्णायक नारायण दत्त पांडे,ज्योति दुर्गापाल, रोहित प्रसाद, गीतांजलि,शिवानी आर्या व बीना बसेडा तथा गौरव कुमार रहे। इस मौके पर प्रतियोगिता की संयोजक व कालेज की प्रधानाचार्या शबनम अहमद समेत बलाक समनवयक अजय कुमार, कालेज की वरिष्ठ प्राध्यापिका रश्मि पुरोहित, गीतिका सनवाल, निशा व स्वाति आदि मौजूद रही। अंत में कालेज की क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा दर्मवाल ने सभी का स्वागत किया और अंत में उन्होंने सभी का आभार जताया।

# लोक गायक इंदर व राहुल के गीतों पर झूमे दर्शक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा आयोजित कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के ए.एन.सिंह प्रेक्षागृह में चल रहे दो दिवसीय संकल्प कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया।

इससे पूर्व समापन कार्यक्रम का मुखय अतिथि सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत तथा विशिष्ट अतिथि दिनेश सांगुडी तथा संस्था अध्यक्ष मंजू रौतेला एवं आयोजक सचिव हरीश राणा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक स्कूल, सेंट जॉन्स स्कूल, डीएसबी परिसर के के पी छात्रावास, गौरा देवी छात्रावास तथा 79 यूके एनसीसी कैडेटों तथा 5 यूके एनसीसी के भावेश विश्वकर्मा ग्रुप ने प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति दी। निर्णायक दीपक कुमार पुल्स एवं पंकज बोरा रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम एल साह बाल विद्या मंदिर जबकि द्वितीय 79यूके एनसीसी ग्रुप तथा तृतीय स्थान राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ निशांत ने प्राप्त किया। अमेरिकन किड्स नैनीताल एवं गौरा देवी को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। विधायक प्रतिनिधि मोहित आर्या एवं संस्था के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए। संचालन राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त उद्घोषक हेमंत बिष्ट ने किया।



इसके पश्चात लोक गायक इंदर आर्या और राहुल के गीतों पर दर्शक खूब झूमकर नाचे। इंदर आर्या ने गुलाबी सरारा..., सावरी सवारी..., बेडू पाको बारामासा... एक केतली चाहा...तथा चाह का होटल आदि गीत गाकर शमां बांध दिया। इस दौरान दर्जा राज्यमंत्री शांति मेहरा, एमडी ताल चैनल ईशा साह, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य येशी थुपतेन, आशीष साह, विशाल वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की समेत मोहित लाल साह, मीनू बुधलाकोटी, अमिता साह, आशा आर्या, सागर बिष्ट, सूरज रावल तथा चंदन मेहरा व पवन साह, शुभम कुमार, विकास जोशी, हर्ष चौहान, अनिकेत शर्मा व तन्मय भंडारी तथा सूरज बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# नैनीताल जिला अस्पताल में बनेगी कार्डियक केयर यूनिट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में अब हृदय रोगियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस उपचार मिलेगा। अस्पताल परिसर में कार्डियक केयर यूनिट (सीसीयू) का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से बजट स्वीकृत हो चुका है।

पीएमएस डा. टी. के. टमटा ने बताया 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से सीसीयू का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही 2 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से अस्पताल के सौंदर्यीकरण और मरम्मत कार्य भी कराए जाएंगे। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी मंडी समिति को सौंपी गई है। बरसात समाप्त होने के बाद कार्य शुरू होगा। बताया कि कार्डियक केयर यूनिट में हृदय रोगियों के लिए आईसीयू बेड, मॉनिटरिंग सिस्टम, डिफि ब्रिलेटर तथा वेंटिलेटर और इमरजेंसी उपचार उपकरण मुहैया कराए जाएंगे। इसके अलावा कार्डियक रोगियों की स्थिति की निगरानी के लिए आधुनिक मशीनें




लगाई जाएंगीए जिससे मरीजों को समय पर उपचार मिल सके। भविष्य में यहां एंजियोग्राफी और अन्य उन्नत हृदय संबंधी जांच सुविधाएँ मुहैया कराने की भी योजना है। कहा कि अब तक गंभीर हृदय रोगियों को आपात स्थिति में हल्द्वानी या अन्य हायर सेंटर रेफर करना पड़ता था। कई बार रास्ते में देरी के कारण मरीज की जान जोखिम में पड़ जाती थी। कार्डियक केयर यूनिट के निर्माण से मरीजों को जिला अस्पताल में ही भर्ती कर तत्काल उपचार दिया जा सकेगा।

# नदियों में हो रहे उप खनिजों के खनन व अवैध खनन को लेकर हाईकोर्ट गंभीर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नदियों से उप खनिजों के खनन व अवैध खनन तथा पूर्व के आदेशों पर नदियों में जमा शिल्ट तथा बोल्डर व अन्य को सरकारी मशीनरी से नहीं निकालने संबंधित कई जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। बुधवार को पूर्व के आदेश पर सचिव खनन, सचिव सिंचाई सहित तमाम अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा पूर्व के आदेश की अनुपालन रिपोर्ट पेश की गई। कहा कि अवैध खनन को रोकने के खिलाफ उनके द्वारा राज्य के बॉर्डर एरिया में सीसीटीवी कैमरे तथा नाइट विजन कैमरे व स्पेल माइनिंग टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

उच्च न्यायलय के एक अन्य आदेश पर अवैध खनन को रोकने के लिए ड्रोन सिस्टम का सहारा भी लिया जा रहा है जिस पर कोर्ट ने उनसे इस पर एक विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट में दो सप्ताह के भीतर पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई हेतु 6अक्टूबर की तिथि नियत की है। बता दें कि बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सचिव खनन से अवैध खनन को रोकने के लिए तमाम सवाल किए। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में उच्च न्यायलय सहित एनजीटी व सुप्रीम कोर्ट ने इसे रोकने के लिए राज्य सरकार को कई दिशा निर्देश जारी किए परन्तु उसके बाद भी राज्य सरकार ने उसका अवलोकन न करते हुए खनन व उसकी निजी कंपनी को फेक के जिम्मा एक निजी कंपनी को फेक दिया। पूर्व के आदेशों में स्पस्ट दिशा निर्देश है कि राज्य सरकार अपनी मशीनरी से ये कार्य करेंगे जो अभी तक राज्य ने नहीं किया। कोर्ट ने माना कि आये दिन अवैध खनन व उसे रोकने वाले कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत व हमले हो रहे हैं। तब आपकी एंटी माइनिंग टास्क फोर्स कहा थी। आज की तिथि में आप क ह कर रहे हैं कि टास्क फोर्स का गठन कर दिया है। पिछली तिथि को कोर्ट ने कहा था कि राज्य के बॉर्डर एरिया में उसकी निगरानी ड्रोन सिस्टम से निगरानी करें जिस पर सचिव की तरफ से कहा गया कि सिस्टम को सुचारु रूप से लागू कराने के लिए, समय दिया जाए। जिस पर कोर्ट ने उन्हें एकशन प्लान पेश करने हेतु समय देते हुए 6 अकटूबर तक का समय दिया है।

## NEWS / फटाफट

### हाईकोर्ट में हिंदी पखवाड़ा के मौके पर गोष्ठी

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में बुधवार को हिंदी पखवाड़ा के मौके पर गोष्ठी आयोजित कर न्यायिक कार्य में हिंदी भाषा लागू करने की मांग की गई । इस मौके पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस को पखवाड़े के रूप में मनाया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा हिन्दी भाषा को उच्च न्यायालय में भी लागू किये जाने हेतु अपने विचार रखे तथा हिन्दी भाषा को न्यायिक क्षेत्र में पूर्ण रूप से लागू किये जाने वाले प्रस्ताव को राज्य सरकारए केन्द्र सरकार तथा मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालयए मुखय न्यायाधीश उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड को भेजे जाने की बात कही। विचार गोष्ठी का संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ0 एम0 एस0 पाल, पुष्पा जोशी, जी0 एस0 संधू, रजत मित्तल, मधु नेगी सामन्त, भुवनेश जोशी, कुन्दन सिंह, दीप जोशी, योगेश पचौलिया, डी0सी0एस0 रावत, जयवर्धन काण्डपाल, सुहास, रतन जोशी, संजय भट्ट, सैय्यद नदीम खुर्शीद, प्रभाकर जोशी, बी.0डी.0पाण्डे, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा, दीपा आर्या, मीना बिष्ट आदि कई अधिक्तागण उपस्थित रहे।

### नियमितिकरण व वेतनमान को लेकर कूटा हुआ गंभीर

**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) नैनीताल तथा उत्तराखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (यूटा) ने मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत तथा मुखय सचिव उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें कहा गया कि राज्य के विश्विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों तथा उत्तराखंड के शिक्षकों तथा कर्मचारियों को नियमितीकरण की तिथि 2025 निर्धारित की जाए तथा ऐसे शिक्षक एवं कर्मचारी जिनको वर्ष 2025 में 10 वर्ष पूर्ण हो गए हैं उनको नियमातिकरण के दायरे में लाया जाए। उन्होंने कहा है कि संविदा तथा दैनिक वेतन में बड़ी संखया में लोग कार्य कर हैं तथा उन्हें कम वेतन भी मिल रहा है । समान कार्य समान वेतन की तर्ज पर आज 2025 तक 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं इन्हें नियमितीकरण से वंचित करना, समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत के विपरीत है। शिक्षा तथा स्वास्थ्य, पंचायत व प्रशासन और विकास जैसे विभागों में इन कर्मचारियों की मेहनत पर ही राज्य की योजनाएँ निर्भर हैं। अतः सरकार को जन हित में कट ऑफ डेट -2025 तक बढ़ाए ताकि सभी पात्र शिक्षक तथा कर्मचारी जिन्होंने 10 वर्ष की सेवा पूर्ण की है उन्हें नियमितिकरण का समान अवसर मिले। यह कदम शिक्षकों कर्मचारियों का मनोबल भी ऊँचा करेगा और राज्य की प्रगति को गति देगा। कूटा ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में भी जिन्होंने 10 वर्ष की सेवा की उन्हें नियमित किया गया है । कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी, डॉ.विजय कुमार, डॉ. संतोष कुमार, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ. दीपक कुमार, डॉ.रितेश साह, डॉ.पैनी जोशी, डॉ उमंग सैनी, तथा डॉ.दीपिका पंत व डॉ. अनिल बिष्ट सहित अन्य प्राध्यापकों ने ज्ञापन प्रेषित किया है।

### नैनीताल के हरिनगर वार्ड में चला स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई अभियान



**नैनीताल ।** शहरी विकास निदेशालय के दिशा निर्देश अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के अनुपालन में स्वच्छता ही सेवा की थीम पर हरिनगर वार्ड में बुधवार को नगर पालिका परिषद नैनीताल द्वारा चिन्हित सीटीयू पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर लोगों से गंदगी न करने की अपील की गई इसके साथ स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई । इस मौके पर पालिकाध्यक्ष डा सरस्वती खेतवाल, नगर पालिका परिषद नैनीताल पालिका सभासद शीतल कटियार और पर्यावरण पर्यवेक्षक तथा पर्यावरण मित्र तथा मुखय सफ ाई निरीक्षक मौजूद रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ऑल सेंट्स कॉलेज में छात्राओं का आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के प्रतिष्ठित विद्यालय ऑल सेंट्स कॉलेज में छात्राओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार से 12 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

शिविर में कक्षा 1 से 12 तक की छात्राएं भाग ले रही हैं और आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकी गुर सीख रही हैं। शिविर का संचालन स्ट्राइक डिफेंड कंपनी द्वारा किया जा रहा है, कंपनी के डायरेक्टर व फ उंडर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल संजय पनवर के साथ फ उंडर अनुज पनवर तथा मास्टर ट्रेनर गौरव जैन तथा अन्य प्रशिक्षकों की टीम उपस्थित रही। प्रशिक्षण में छात्राओं को पंच, किक, अटैक, डिफेंस, सिंगल हैंड व डबल हैंड ग्रैब, फ्रंट चोक, बैक चोक, माउंटेड चोक तथा हेयर पुल आदि से निपटने की तकनीकें सिखाई जाएंगी, इसके साथ ही लाठी, डंडा तथा चाकू जैसे हथियारों के हमलों से बचाव के उपाय भी बताए जाएंगे।



# चित्रकला प्रतियोगिता में नैना,रईस व आयुष ने मारी बाजी



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारत स्काउट एवं गाइड प्रदेश संस्था उत्तराखंड के मार्गदर्शन में नैनीताल के इन्नोवेटिव स्काउट गाइड ओपन ग्रुप की पहल पर स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने राष्ट्रव्यापी स्वच्छोत्सव अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के उद्धाटन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम सहित विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में नैना सत्वाल ने प्रथम, रईश आलम ने द्वितीय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस छात्रावास के आयुष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि सुहानी मदेशिया, जय फ रतयाल, दिव्यांशु विजय कुमार को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुखय अतिथि के रूप में लालकुआं क्षेत्र के विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट ने सभी से विकसित भारत के संकल्प हेतु मोदी जी के स्वप्न को साकार करने में अपना योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्रधानाचार्य भुवन चंद्र मठपाल, छात्रावास अधीक्षक डॉ. हिमांशु पांडे सहित राजेश पांडे, सरस्वती बृजवाल, अंजलि नयाल, कल्पना पांडे, मोहित सिंह मेवाड़ी, नवीन चंद्र पंत सहित विभिन्न अध्यापकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों रोहित दुमका, उमेश शर्मा, ग्राम प्रधान श्रीमती निर्मला पंवार तथा रुकमनी बचखेती आदि द्वारा योगदान दिया गया। संचालन छात्रावास अधीक्षक डॉव हिमांशु पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रमों का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवसीय छात्रावास हल्दूचौड़ में किया गया।

# अभिमत

## भरोसा करना कठिन

***स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत ने पंचशील सिद्धांत और 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' के नारे के साथ चीन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। भारत को आशा थी कि दो बड़े पड़ोसी देश एशिया में खुशहाली लाने के साथ दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। परन्तु चीन ने वर्ष 1962 में भारत पर आक्रमण करके युद्ध की त्रासदी से विश्वास को ठेस पहुंचाई। प्राचीनकाल से ही चीन के साथ भारत के व्यापारिक संबंध रहे हैं। चीन व्यापार के माध्यम से लाभ कमाना चाहता है और विस्तारवादी नीति के तहत भारत के भूभाग पर कब्जा करना चाहता है।***

सार्वजनिक जीवन में कूटनीति का सिद्धांत है कि कोई हमारा स्थायी दोस्त नहीं और कोई स्थायी दुश्मन नहीं। भारत और चीन के संबंध में यही सिद्धांत लागू होता है। चीन के साथ रिश्ते बनते-बिगड़ते रहे, लेकिन पूरी तरह टूटे नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन यात्रा के दौरान रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद जगी है, फिर भी पूरी तरह भरोसा करना सही नहीं होगा। स्वतंत्रता मिलने के बाद भारत ने पंचशील सिद्धांत और 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' के नारे के साथ चीन से दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। भारत को आशा थी कि दो बड़े पड़ोसी देश एशिया में खुशहाली लाने के साथ दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। परन्तु चीन ने वर्ष 1962 में भारत पर आक्रमण करके युद्ध की त्रासदी से विश्वास को ठेस पहुंचाई। प्राचीनकाल से ही चीन के साथ भारत के व्यापारिक संबंध रहे हैं। चीन व्यापार के माध्यम से लाभ कमाना चाहता है और विस्तारवादी नीति के तहत भारत के भूभाग पर कब्जा करना चाहता है। वर्ष 2020 में गलवान घाटी में चीन के सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसकर युद्ध के लिए बाध्य किया। भारत ने संयम बरतते हुए बातचीत का रास्ता अपनाया, किन्तु सफलता नहीं मिलने पर चीन के सैनिकों को सीमा पार भेजने के लिए बल का प्रयोग किया। उस दौरान भी भारत के अनेक सैनिक शहीद हुए। चीन सिर्फ एक मोर्चे पर ही भारत से दुश्मनी नहीं रखता है, बल्कि परोक्ष रूप से आतंकवाद का समर्थक है। पाकिस्तान के आतंकवादियों की मदद करके भारत में खूनखराबा कराने के लिए चीन हमेशा सक्रिय रहा है। भारत ने पाकिस्तान के साथ पड़ोसी का रिश्ता मजबूत करने का हरसंभव प्रयास किया। पाकिस्तान ने सीधे युद्ध में पराजित होने के बाद भारत के खिलाफ आतंकवाद का छद्म युद्ध छेड़ रखा है। भारत से किसी भी तरह पाकिस्तान मुकाबला नहीं कर सकता है, यदि चीन मदद न करे। अब यदि चीन के साथ भारत की नजदीकी बढ़ती है तो क्या पाकिस्तान से चीन की दूरी होगी? यह पेचीदा सवाल है। भारत को चीन के साथ निकटता के लिए फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना होगा। भारत को अपने पुराने और विश्वसनीय मित्र रूस के साथ संधि को ज्यादा अहमियत देनी होगी। रूस ने हमेशा भारत का साथ दिया है। अमेरिका और चीन की दोगली नीति से जब-जब भारत पर संकट आया है, तो रूस सहयोगी बना है। अमेरिका और चीन के साथ व्यापार में भारत को नुकसान उठाना पड़ा है, परन्तु मजबूरी में व्यापार बंद नहीं किया जा सकता है।

# नैनीताल में धूमधाम से मनाई गयी विश्वकर्मा जंयती

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती के मौके पर पावर हाउस सूखाताल में मशीनों और औजारों की विधि विधान से पूजा अर्चना कर मनाया गया।

इस दौरान पुजारी पंडित दीपक जोशी द्वारा मंत्र उच्चारण कर मशीनों और औजारों की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान हवन के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया और मशीनों को बिजली की लाइटों से सजाया गया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता एसके सहगल, एसडीओ प्रियंक पांडे, अभियंता विक्रम बिष्ट, वरिष्ठ लिपिक उमेश मेहता, मुनीब रहमान, एच बी रहमान, ईश्वरी दत्त मेलकानी, रमेश चंद, प्रकाश चंद, प्रेम सिंह, यशपाल मेहरा, विक्की बरगली, रमेश बिष्ट, लाइनमैन रघुवन नेगी, राजेश सिंह, सुंदर प्रसाद, विक्रम सिंह रावत, संजय कुमार टमटा सहित अन्य विभाग की कर्मचारी मौजूद थे।

मल्लीताल स्थित जल संस्थान के पंप हाउस में मशीनों और औजारों की पूजा मुख्य पुजारी दयाल कांडपाल द्वारा गणेश पूजा विश्वकर्मा गणेश पूजा विश्वकर्मा पूजा आरती के पश्चात हवन सहित धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए तत्पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके में अधिशासी अभियंता रमेश गर्बियाल, अपर सहायकअभियंता दिलीप सिंह बिष्ट, अवर अभियंता चेतन कुमार,शाखा अध्यक्ष विजय साह,प्रांतीय अध्यक्ष संजय जोशी,किशन सिंह बिष्ट तथा शाखा सचिव कमल बिष्ट, महेश थापा तथा दयाल सिंह सहित अन्य विभाग की कर्मचारी मौजूद थे। दूसरी और भवाली जल संस्थान कार्यालय में जूनियर इंजीनियर गोपाल सिंह कार्की के नेतृत्व में पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। इस दौरान पुजारी दीपचंद जोशी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। जिला अस्पताल बीडी पांडे नैनीताल में बुधवार को विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान दीप पज्वलित कर मशीनों की पूजा अर्चना की गई और फिर उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान डॉ द्रोपदी गर्बयाल, डॉ रूचि गुप्ता, डॉ प्रेमा फर्तियाल, ओटी टैनीशियन शंकर दत्त पपनै, जानकी कनवाल, पुष्पा वर्मा, शारदा, शांति आर्या, मिनाक्षी शर्मा तथा जीतेश आदि मौजूद रहे। कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के नैनो केमेस्ट्री विभाग में विश्वपूजकर्मा पूजा के अवसर पर पूजा का आयोजन किया गया स इस अवसर पर विभाग में हवन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान नैनो केमेस्ट्री के प्रो. नन्द गोपाल साहू, प्रभात पंत, डॉ. कुंदन रावत, डॉ. सतीश सती, तनुजा आर्या, कुनाल जोशी, गणेश चंद्र, अक्षय कंबोज तथा पंकज भट्ट, तनिष्क मेहरा आदि मौजूद रहे। राजकीय वाहन चालक संघ वन विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह नयाल के नेतृत्व में भी विश्वकर्मा जंयती धूमधाम से मनायी गयी।

## विश्व ओजोन दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय भीमताल परिसर में विश्व ओजोन दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रुति, सौम्या एवं उपासना ने संचालन करते हुए ओजोन परत एवं इसके क्षरण से जुड़े तथ्यों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डीएस रावत (सहायक प्राध्यापक, भौतिक विज्ञान) ने इस वर्ष की थीम फॉम साइंस टू ग्लोबल एक्शन पर बताया कि जहां समतापीय ओजोन मानव जीवन के लिए सुरक्षा कवच है, वहीं सतही ओजोन ग्राउंड लेवल ओजोन वायु प्रदूषण का गंभीर कारण बन रहा है। कारों, पावर प्लांट्स, औद्योगिक रसायनों और जीवाश्म ईंधनों से इसका स्तर लगातार बढ़ रहा है, जो मानव स्वास्थ्य और वनस्पति जगत के लिए हानिकारक है। उन्होंने ग्रीन एनर्जी जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग पर बल दिया।

इस अवसर पर यूथस रिस्पांसिबिलिटी ऑन सेविंग सेविंग द ओजोन विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अमित सिंह प्रथम स्थान पर रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े का शुभारंभ, भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे फल

**किच्छा**

**हमारे संवाददाता**




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा किच्छा नगर मंडल द्वारा सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, किच्छा में मरीजों को फल वितरित कर सेवा पखवाड़े का विधिवत शुभारंभ किया।


सेवा पखवाड़ा, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी जयंती) तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्य, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन भी जनसेवा को समर्पित है। हम सभी कार्यकर्ता उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। यह सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक अभियान है ङ्क स्वच्छता, स्वास्थ्य और सेवा का। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के सबसे लोकप्रिय और प्रभावशाली नेताओं में से एक हैं। उनका जीवन संघर्ष, संकल्प और सेवा की मिसाल है। आज उनका जन्मदिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प है। सेवा पखवाड़ा मोदी जी के उसी विज़न को आगे बढ़ाने का प्रयास है। हर नागरिक का जीवन सम्मानजनक और सुरक्षित हो। मोदी जी ने न सिर्फ भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई है। पूर्व विधायक ने मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस पखवाड़े को पूर्ण समर्पण और सेवा भाव से मनाएं।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, मनमोहन सक्सेना, धर्मराज जायसवाल, दिनेश भाटिया, सुभाष तनेजा,मूलचंद राठौर, कुलदीप बग्गा,मुकेश कोली, धनीराम,देवेंद्र शर्मा, नितिन फूटेला, विजय अरोड़ा, प्रकाश पंत, मलकीत सिंह, पूनम अग्रवाल, कविता मान,राजकुमार गुप्ता, चंदन जायसवाल, सतीश गुप्ता,ओम तनेजा आदि मौजूद रहे ।

# फिल्मी दुनिया

## सफ़ेद ड्रेस में आलिया ने शेयर की खूबसबूरत तस्वीरें





*दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट आपस में अच्छी बॉन्डिंग शेयर करती हैं। अब दीपिका ने आलिया की तस्वीर पर कमेंट किया है, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से ओटीटी की दुनिया में बतौर निर्देशक एंट्री कर रहे हैं। उनका पहला शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' आज से स्ट्रीम हो रहा है। इससे पहले शो की स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की। इस दौरान अभिनेत्री आलिया भट्ट भी पति व अभिनेता रणबीर कपूर के साथ इस कार्यक्रम में पहुंचीं। इवेंट में जाने से पहले आलिया ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। अब इन तस्वीरों पर दीपिका पादुकोण के कमेंट ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आलिया 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में सफेद रंग की रिवीलिंग कट-आउट ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने साथ में एक मैचिंग का शानदार हैंडबैग भी पकड़ा था। स्क्रीनिंग में शिरकत करने से पहले आलिया ने इस ड्रेस में अपनी कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की। इन तस्वीरों पर एक्ट्रेस की मां सोनी राजदान समेत कई लोगों ने कमेंट करके आलिया की तारीफ की। लेकिन जिस कमेंट ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा, वो एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का कमेंट था। दीपिका ने तारीफ करते हुए कमेंट में आलिया को शानदार बताया। दीपिका ने कमेंट में लिखा, 'स्टनिंग'।*

### रणबीर के साथ आलिया ने की ट्यूनिंग

*'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में आलिया पति रणबीर कपूर के साथ पहुंची थीं। इस दौरान अभिनेत्री रणबीर के साथ ट्यूनिंग करती नजर आईं। इस दौरान रणबीर सफेद कलर के ब्लेजर और शर्ट के साथ ब्लैक कलर की पैंट में नजर आए। जबकि आलिया भी सफेद आउटफिट में थीं। दोनों ने इस दौरान मुस्कुराहट के साथ पैपराजी को पोज भी दिए।*

# ठगी कर फरार होने के मामले में सीबीआई से कराने के आदेश दिए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हाईकोर्ट ने प्रदेश के नागरिकों का चिटफंड कंपनी एलयूसीसी की ओर से स्थानीय एजेंटों के माध्यम से 800 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर फरार होने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद घोटाले की जांच सीबीआई से कराने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों का पैसा लेकर कंपनी फरार हो चुकी है, पीड़ित अपनी शिकायत सीबीआई को दें। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से कहा गया कि जांच एजेंसी की ओर से जांच करने की अनुमति मिल चुकी है। सीबीआई ने जांच की स्वीकृति का पत्र कोर्ट में पेश किया। सरकार की ओर से कहा गया कि अभी तक इससे संबंधित कई मुकदमे दर्ज हो चुके है और कई की जांच चल रही है। पीड़ितों की ओर से कहा गया कि पुलिस ने अभी तक मुकदमा तक दर्ज नहीं किया है जब तक मुकदमा दर्ज नही होगा तब तक पैसा वापस नहीं मिलेगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। ऋषिकेश निवासी आशुतोष व अन्य ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा गया था कि एलयूसीसी नामक चिटफंड कंपनी ने 2021 में प्रदेश के कई जिलों के लोगों को कई तरह के लाभ देने के उद्देश्य से अपना ऑफिस देहरादून, ऋषिकेश सहित पौड़ी में खुलवाए। उसके बाद स्थानीय लोगों को अपना एजेंट नियुक्त किया। एजेंटों ने अपने करीबियों को कंपनी में निवेश के लिए प्रेरित किया। लोगों ने सहानुभूति दिखाकर निवेश भी किया जबकि राज्य में कंपनी ने सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत अपना रजिस्ट्रेशन तक नही कराया। वर्ष 2023 -24 में यह कंपनी अपने ऑफिस बंद कर चली गयी। निवेशकों की शिकायत पर प्रदेश में 14 वे अन्य राज्यों में इस कंपनी के विरुद्ध 56 मुकदमे दर्ज हुए लेकिन पता चला कि मुख्य आरोपित दुबई भाग गया है। अब निवेशक एजेंटों को परेशान कर रहे है। पुलिस भी परेशान कर रही है।

## News कॉर्नर

### विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग हेतु 15 अक्टूबर तक होंगे पंजीकरण

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल की उप निदेशक डॉल्वी तेवतिया ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी)-2026 युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का मौका प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता विकसित भारत क्विज है जिसे माई भारत पोर्टल तथा माईजीओवी प्लेटफार्म पर संचालित किया जा रहा है। बताया कि यह कविज 1 सितंबर 2025 से शुरु हो चुका है जबकि इसकी अंतिम तिथि 15 अकटूबर 2025 तय की गयी है। कहा कि कविज के माध्यम से लाखों युवा एक साझा मंच पर अपनी सहभागिता दर्ज करा रहे हैं जिससे न केवल उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा बल्कि राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचने का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

## आम सूचना

**मैसर्स श्री महाकाल माइन्स एण्ड मिनरल्स प्रो0 पारूल गर्ग**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौजाजाली दक्षिण, तहसील लालकुआं, जिला नैनीताल, उत्तराखंड स्टोन क्रेशर के पास, खसरा नं0-18कमि., रकवा-0.0630 हेक्टेयर में खड़िया के भंडारण हेतु आवेदन किया जा रहा है। यदि किसी स्थानीय व्यक्ति/ संस्था/विभाग/ आदि जो निर्धारित दूरी 100 मी0 के अन्तर्गत निवासरत हो तथा खनिज भन्डारण के प्रस्तावित स्थल से प्रभावित हो तो वे अपनी आपत्ति विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्तर्गत कार्यालय खान अधिकारी/ भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई हल्द्वानी के कार्यालय में दर्ज करा दें, उसके बाद कोई सुनवाई नहीं होगी। -**मैसर्स श्री महाकाल माइन्स एण्ड मिनरल्स प्रो0 पारूल गर्ग**

# विश्वकर्मा दिवस और प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार स्वास्थ्य पर्व पखवाड़े का आयोजन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

विश्वकर्मा दिवस व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार स्वास्थ्य पर्व पखवाड़े के अन्तर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।



इस शिविर में कुल 2306 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में 350 मरीजों की ओपीडी की गई, 150 मरीजों के दांतो की जांच, 180 आँखों, 24 गर्भवती महिलाओं व 47 बच्चों का टीकाकरण, 54 गर्भवती महिलाओं की जांच, 78 शुगर, रक्तचाप, वचन की जांच, 12 ईसीजी, 100 नेत्रों की जांच, आरकेएसके के अन्तर्गत 116 किशोरों की जांच, 25 रक्त की जांच, 97 ईएनटी जांच, 117 बच्चों की जांच, 466 स्त्री रोगों की जांच, त्वचा सम्बन्धित 46, मानसिक रोग से ग्रसित 58 मरीजों की जांच, जनरल सर्जरी के 80 मरीजों की जां, टीबी के 38 जांच, 02 सीटी स्कैन, 26 अतिकुपोषित बच्चों का डायट चार्ट जारी, 13 आयुष्मान कार्ड, 250 रक्त जांच व 20 व्यक्तियों द्वारा शिविर में रक्तदान किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग ने 8 दिव्यांगों को व्हीलचेयर,5 श्रवण मशीन,2 बैसाखी, 01 छड़ी वितरण, 62 यूडी कार्ड 5 निरामयम कार्ड व 41 दिव्यांगों के ट्रेन पास बनाये गये। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के धार से ''स्वस्थ नारी सशक्त परिवार'' और ''आठवें राष्ट्रीय पोषण माह'' अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पीएम टेक्सटाईल पार्क का शिलान्यास भी किया साथ ही उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होने कहा कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), जिला अस्पतालों और अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित किये जाएगें। उन्होने कहा देश में एक लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे यह देश में महिलाओं और बच्चों के लिए अब तक का सबसे बड़ा स्वास्थ्य अभियान बन जाएगा। पखवाड़े में देश भर के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रतिदिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होने स्वदेशी उत्पादों पर गर्व करने व सभी से स्वदेशी उत्पाद अपनाने की अपील की। विधायक शिव अरोरा ने सभी को विश्वकर्मा दिवस, प्रधानमंत्री के जन्मदिन की बधाईयां दी। पीएम के नेतृत्व में देश व युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर आ गई है व देश विश्वगुरू बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा,जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, विवेक सक्सेना, तरूण दत्ता, सुरेश कोली, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, सीडीओ दिवेश शाशनी, कौस्तुभ मिश्र, सीएमओ डॉ केके अग्रवाल, प्रचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ जीएस तितियाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरके सिन्हा,डॉ एलएम उप्रेती रहे।

# एंटी ह्यूटमन ट्रैफिकिंग यूनिट की रुद्रपुर और काशीपुर क्षेत्र में स्पा सेंटर, होटलों में छापेमारी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या के नेतृत्व में टीम ने पुलिस टीम के साथ काशीपुर और रुद्रपुर में विभिन्न स्थानों पर स्थित स्पा सेंटरों,होटल,सरस माल,प्रिया मॉल,कैफे आदि में छापेमारी की।



यूनिट की कार्रवाई के चलते हड़कंप मच गया। इस दौरान कई जगह अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई की गई। स्पा सेंटर को तत्काल बंद कराया गया द्य बुधवार को यूनिट ने स्पा सेंटरों पर छापेमारी की। वहां पर काम करने वाले कर्मियों की जानकारी ली। इसके साथ ही टीम ने होटल,माल समेत अन्य कई जगहों पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कई स्पा सेंटरों पर निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से बंद कराए गए। उन्होंने बताया कि मालिक/संचालकों को भी चेतावनी दी कि बिना सत्यापन के कर्मचारी न रखें जाएं। आने वालों की एंट्री की जाए। उन्होंने बताया कि जिन लोगों पर कार्रवाई की गई वह पुलिस अधिनियम के अंतर्गत हुई। उधर अचानक कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप मच गया। टीम में एसआई नितिन सिंघल, सुरेश गिरी, प्रियंका आर्य, महिला कांस्टेबल ममता मेहरा आदि शामिल रहे।

**कार्रवाई**

- कई जगह अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई, अनियमितताएं मिलने पर स्पा सेंटर बंद कराया

# दिल्ली के ड्रीम स्क्वायर हालिडेज के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एक व्यापारी ने दिल्ली की हालिडे प्राइवेट कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। सुविधा दिलवाने की गांरटी लेकर मोटी रकम वसूली फिर बताए गए होटल में कमरा नहीं दिला सके। इस मामले की शिकायत थाना पंतनगर दी और सुनवाई न होने पर डाक से एसएसपी को भी पत्र भेजने का दावा किया है। कहीं भी सुनवाई हुई तो कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। देव होम्स, बिगवाड़ा रुद्रपुर निवासी रोहित कुमार पुत्र ब्रहमपाल ने बताया कि 24 अगस्त, 2024 को उनके मोबाइल पर काल आई। जिसमें बताया कि उनका लकी ड्रा ड्रीम स्क्वायर हॉलिडेज प्राइवेट लिमिटेड में निकला है, जिसको लेने के लिए होटल रेडिसन ब्लू रुद्रपुर में उसी दिन शाम को आने के लिए आमंत्रित किया। न जाने पर बार-बार फोन किया और विश्वास में ले लिया। होटल पहुंचे तो वहां उस संस्था के लोग पहले से ही मौजूद थे। उन लोगों ने अपना प्लान समझाया। बताया कि उनकी संस्था होलिडे कराती है। जिसमें चार एवं पांच सितारा होटल उपलब्ध कराती है। उन्हेंने 90 हजार का प्लान बताया। जो कि पांच वर्ष के लिए वैध रहेगा। 45 दिन तक होटल की सुविधा परिवार संग ले सकते हैं। विश्वास दिलाने पर उन्होंने यह प्लान ले लिया और दो किस्तों में 24 अगस्त को 40 हजार और 30 अगस्त को 50 हजार रुपये क्रेडिट कार्ड से भुगतान किया। प्लान लेते समय ही उस कंपनी के कर्मचारियों को 13 सितंबर को पत्नी का जन्म दिन होना और परिवार संग नैनीताल जाना और होटल में कमरा उपलब्ध कराने के लिए बताया। नौ सितंबर को जब बुकिंग के संबंधित कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई, तो ड्रीम स्क्वायर के नंबर पर संपर्क किया। जिसके बाद उनकी ओर से एक मेल आई। जिसमें तीन होटलों के नाम थे। दो होटल नैनीताल से 20 किमी दूर व एक होटल निम्न स्तर का था। जिसके बाद उन्होंने उन होटल में जाने से मना किया तथा अपनी जमा धनराशि वापस करने की बात की। आरोप है कि इसपर कंपनी के कर्मचारी ने अभद्र व्यवहार किया। गाली गलौज करते हुए धमकी दी। 15 सितंबर, 2024 को पंतनगर थाने में शिकायत की गई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# पिथौरागढ़ की नन्हीं परी कशिश के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को नैनीताल में निकाला कैंडिल मार्च

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में बुधवार की शाम को शार्दुल नेगी व उनके बुल्स जिम के युवाओं द्वारा पिथौरागढ़ की नन्ही परी कशिश के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च आयोजित किया गया। यह मार्च श्री राम सेवक सभा प्रांगण से शुरु होकर तल्लीताल स्थित गांधी मूर्ति पर जाकर खत्म हुआ। कैंडल मार्च के माध्यम से युवाओं ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से माँग की कि कशिश के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कारवाई की जाए और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाया जाए।

मार्च में कुविवि के डीएसबी परिसर के के एन फील्ड छात्रावास, पाइनंस आदर्श और निशांत छात्रावास के छात्र भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। नैनीताल से वरिष्ठजनों के साथ साथ धीरज बिष्ट, कैलाश अधिकारी, बंटू आर्या,डॉ. विश्लेश्वर,भावना भट्ट, शैला नेगी, जानकी नेगी, राजीव लोचन साह, कैलाश जोशी,डॉ उमा भट्ट तथा दिनेश उपाध्याय तथा ज्योति भी मौजूद रहे। इसके अलावाए छात्र नेताओं आयुष आर्या, दिनेश चन्द्र, अभिषेक कुमार, कमलेश चन्द्र ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई और कहा कि जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती यह संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलनकारियों के मुताबिक इस कैंडल मार्च का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि कशिश के लिए न्याय पाना केवल एक परिवार की लड़ाई नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है,कहा कशिश को न्याय-पूरे समाज को न्याय है।




# गुरुजनों के लंबित मामलों में हाईकोर्ट में सुनवाई आज

**नैनीताल।** शिक्षकों के आंदोलन के बाद शिक्षकों के मामले में सरकार जाग गई है और हाईकोर्ट से लंबित मामलों को जल्द सुनने की गुहार लगायी। अब हाईकोर्ट इस मामले में गुरुवार (आज) को सुनवाई करेगा। प्रदेश के एलटी शिक्षकों और प्रवक्ताओं की पदोन्नति के मामले पिछले कई वर्षों से अटके पड़े हुए हैं। इसको लेकर शिक्षक लंबे समय से सरकार से मांग करते आ रहे हैं। मांगों के समर्थन में प्रदेश के 50 हजार शिक्षकों ने आंदोलन की चेतावनी दे दी।

# मृतक बीटेक छात्र के परिजन पहुंचे कलेक्ट्रेट,डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पिछले दिनों पंतनगर यूनिवर्सिटी में हास्टल में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था। इस मामले में विधायक किच्छा तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में परिवार के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने डीएम नितिन भदौरिया से मिले।

परिजनों ने डीएम न्याय की गुहार लगाई। डीएम ने परिजनों को मजिस्ट्रेट जांच बैठा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। गुरुवार को दरऊ निवासी छोटे लाल ने डीएम को बताया कि उसका पुत्र नीरज पंतनगर यूनिवर्सिटी में बीटेक का छात्र था। पिछले दिनों नीरज जिस हास्टल में रहता था,उसी में नीरज संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था। परिजनों ने यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर पर आरोप लगाया कि पुत्र को परेशान किया जाता था। विधायक किच्छा ने बताया कि बच्चा अंग्रेजी में कमजोर था तो कभी परिजनों को बुला कर काउंसलिंग नहीं कराई। विधायक ने उक्त प्रोफेसर पर गंभीर आरोप लगाए ? इसकी मजिस्ट्रेट जांच होनी चाहिए। डीएम से मिलने वालों में दरऊ से छोटे लाल, चंद्रपाल,सतनाम सिंह, राकेश, मेहताब, जीवन लाल, जसपाल, दीपक, जगदीश, छत्रपाल,राम सिंह,मोनू,सोनू, आशीष,धारा सिंह आदि मौजूद रहे।

**भरोसा**

- विधायक बेहड़ के नेतृत्व में पहुंचे थे परिवार के लोग
- डीएम ने मृतक के परिजनों को मजिस्ट्रेट जांच बैठाने का भरोसा दिलाया

# बनभूलपुरा क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स पर कार्रवाई, प्रतिबंधित दवाइयां बरामद

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन, औषधि विभाग और पुलिस ने बुधवार को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स पर बड़ी कार्रवाई की।

इस दौरान इंदिरानगर छोटी रोड स्थित केजीएन मेडिकल स्टोर से प्रतिबंधित दवाइयाँ बरामद की गईं। छापेमारी की यह कार्रवाई तहसीलदार मनीषा बिष्ट और औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट के नेतृत्व में की गई। टीम ने मौके से संदिग्ध दवाइयों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।कार्रवाई की शुरुआत के करीब तीन घंटे बाद, औषधि निरीक्षक ने मीडिया से संक्षिप्त बात करते हुए केवल इतना कहा कि कार्यवाही अभी गतिमान है, पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। जब मीडिया द्वारा बरामद दवाइयों की संख्या और प्रकार को लेकर स्पष्ट जानकारी मांगी गई, तो निरीक्षक गोलमोल जवाब देती नजर आईं। इस स्थिति ने पूरे अभियान की पारदर्शिता और गंभीरता पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्रग फ्री उत्तराखंड जैसे अभियानों को प्रभावी तभी बनाया जा सकता है जब कार्रवाई पारदर्शी हो और जनता को त्वरित जानकारी दी जाए। एक निवासी ने कहा, कार्रवाई हो रही है ये अच्छा है, लेकिन अगर जानकारी ही नहीं दी जाएगी तो लोगों का भरोसा कैसे बनेगा? प्रशासन की ओर से दावा किया गया है कि जांच पूरी होने के बाद मेडिकल स्टोर को सील कर दिया जाएगा। हालांकि, अब तक बरामद दवाइयों की सटीक संख्या और प्रकृति को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है, जिससे पूरे अभियान को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई है। हल्द्वानी समेत उत्तराखंड के कई इलाकों में नशीली दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग और अवैध बिक्री को लेकर प्रशासन सतर्क है। औषधि विभाग द्वारा समय-समय पर छापेमारी की जा रही है, लेकिन जानकारी साझा न करने की प्रवृत्ति से जनता में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

